# 'बड़े सपने देखते हुए छोटे व्यवसाय से शुरू करें स्टार्टअप'

## कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने किया सेमिनार का उद्घाटन, युगांडा की उच्चायुक्त भी शामिल हुईं

जासं, लखनऊ : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइआइए) द्वारा आयोजित इंडिया फूड एक्सपो के दूसरे दिन पंडाल में उद्यमियों की भीड़ रही। उत्पादों की बिक्री व बुकिंग भी स्टालों पर हुई। खासबात यह रही कि आइआइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप व्यापार में आने का सपना देख रहे हैं तो बिल्कुल आएं। बड़े सपने देखें और छोटे स्तर से व्यवसाय से स्टार्टअप शुरू करें। इरादे बुलंद रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने सेमिनार का उद्घाटन किया। युगांडा की उच्चायुक्त प्रोफेसर जायस कीकाफंडा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्यमियों को संबोधित भी किया।

सेमिनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आइआइए के आह्वान पर बड़ी संख्या में अनुबंध हुए थे। इन आवेदनों में अधिकतम खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित हैं। अभी औपचारिकताएं पूरी नहीं हो सकी हैं, सभी प्रोजेक्ट लंबित हैं। केवल बरेली मंडल में ही लगभग 46 उद्यमियों के तीन सौ करोड़ रुपये के प्रस्ताव लंबित हैं। आइआइए फूड कमेटी के अध्यक्ष दीपक बजाज ने कहा कि मंडी शुल्क में छूट देने पर सरकार का स्वागत करते हैं, लेकिन इसे लागू होने में समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों द्वारा जो प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, उनके लेटर आफ कंफर्ट देने की प्रक्रिया निरंतर चल रही है। शीघ्र ही बचे हुए प्रस्तावों को भी निस्तारित कर दिया जाएगा। मंडी शुल्क में छूट का लाभ उद्योगों एवं किसानों को मिल सके, इसके लिए योजना पर पुनर्विचार किया जा रहा है।

युगांडा की उच्चायुक्त ने भारत और युगांडा के मध्य व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए आइआइए के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि 40 हजार भारतीय युगांडा में रह रहे हैं। भारतीयों का युगांडा की अर्थव्यवस्था में 60 फीसद से अधिक योगदान है।



युगांडा की उच्चायुक्त को सम्मानित करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह व आइआइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, ए अग्रवाल व अन्य ● जागरण

### 'व्यापार आप शुरू करें, मशीनें हम देंगे'

आइआइए के इंडिया फूड एक्सपो ने उन छोटे व्यापारियों के लिए द्वार खोल दिया है जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग समय लेकर यहां आए और फूड एक्सपो के हर स्टाल का गहराई से निरीक्षण करें। हर स्टाल पर कुछ न कुछ नया है। अगर यह सब नहीं करना चाहते हैं तो तमाम ऐसे उत्पाद हैं, जिनकी फ्रेंचाइजी लेकर उनके माल को बाजार में बेचकर सीधे मुनाफा भी कमा सकते हैं।

### बेकरी के कारोबार के लिए प्रूफर कारगर

बेकरी के कारोबार के लिए प्रितुल कंपनी ने अपने कई उपकरण बाजार में उतारे हैं। अलग-अलग उपकरण के जरिए मैदा गूंथने, लोई काटने और फिर स्लाइस बनाने के साथ ही उसे ट्रे में लगाकर बेक करने की सुविधा उपलब्ध है। इस काम को करने के लिए प्रूफर मशीन काफी कारगर है।


फूड एक्सपो में प्रूफर मशीन >>

### मरकेम इमेज उत्पाद की बता रहा विशेषता

मरकेम कंपनी ने कुछ ऐसी मशीनें बाजार में उतारी हैं जो चंद घंटों में हजारों की संख्या में प्रोडेक्ट पर क्यूआर व बार कोड छापने का काम करती हैं। उनके पास लेजर की तकनीक भी है, जिसमें स्याही का प्रयोग नहीं होता है। कागज को जलाकर कोडिंग करती है। स्कैन कर उत्पाद के बारे में जान सकता है।


<< मरकेम इमेज की मशीन